मोहे पार लगादे मोरे खाटूवाले

मोहे पार लगादे ओ मोरे खाटूवाले,
मुझे दर्श दिखा दे ओ मोरे मुरलीवाले,
तो से प्रीत जो लागि सांवरे,
हम हो गए तेरे बावरे,
मोहे पार लगादे ओ मोरे खाटूवाले,
मुझे दर्श दिखा दे ओ मोरे मुरलीवाले.....

कलयुग में बाबा तू ही सहारा,
तू ही सागर तू ही किनारा,
ये रूप और काय बाबा,
सब तेरी है माया बाबा,
हर धड़कन में तू सांवरे मैंने श्याम को पाया,
मोहे पार लगादे ओ मोरे खाटूवाले,
मुझे दर्श दिखा दे ओ मोरे मुरलीवाले.....

तुमसे मिलने खातिर सांवरे मैं कांच पे चल जाऊं,
तू नरसिंघ बन आयो रे तो मैं आग में जल जाऊं,
सुरमाई आंखियों वाले सांवरे ओ मेरे श्यामा प्यारे,
मोहे पार लगादे ओ मोरे खाटूवाले,
मुझे दर्श दिखा दे ओ मोरे मुरलीवाले......

एक बार जो मुरली वाले का दीदार हो जावे,
फिर इस जग में मेरे बाबा कुछ बाकी ना रह जावे,
अरे जो श्यामा का होये सांवरे वो उसे आप उबारे,
मोहे पार लगादे ओ मोरे खाटूवाले,
मुझे दर्श दिखा दे ओ मोरे मुरलीवाले......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29803/title/mohe-paar-lagade-morey-khatuwale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |